मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-487
27/12/2019

मुख्यमंत्री ने भोजपुर के गढ़हनी प्रखण्ड के भेड़री गाँव में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत किये गये कार्यों का निरीक्षण किया

पटना, 27 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जल–जीवन हरियाली यात्रा के क्रम में भोजपुर जिला अंतर्गत गड़हनी प्रखंड के ईचरी पंचायत स्थित भेड़री गॉव में जल–जीवन हरियाली अभियान के तहत किये गये कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने बागवानी मिशन के तहत पॉली हाउस में जरबेरा फूल की खेती, ड्रीप सिंचाइ पद्धति पर आधारित मिश्रित खेती, वर्मी कंपोस्ट पीट, डी कंपोजर पीट, कृषि यांत्रिकीकरण मेला, परिवहन मेला, किसान गोष्ठी, सरकारी योजनाओं का स्टॉल भ्रमण तथा मत्स्यपालन हेतु जीर्णोद्धार किये गये तालाबों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी, भोजपुर ने कार्यक्रम स्थल पर संचालित संपूर्ण कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में चरणबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के तहत सरकारी अनुदान से 2000 वर्ग मीटर में 66 वर्षीय महिला कृषक श्रीमती कांति किरण द्वारा जरबेरा फूल संरक्षित पॉलीहाउस का मुख्यमंत्री ने अवलोकन कर स्वरोजगार के रूप में विकसित पॉलीहाउस एवं जरबेरा फूल की खेती के बारे में जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात उन्होने टपकन सिंचाई पद्धति पर आधारित अमरूद एवं सब्जी की मिश्रित खेती का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने समग्र गव्य विकास योजना के तहत पॉच लाभुकों को प्रथम चरण के अनुदान का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने फसल अवशेष प्रबंधन के तहत 15 कृषकों को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया साथ ही कस्टम हायरिंग योजना अंतर्गत चार प्रखंडो के जीविका संकुल को 10 लाख रूपये की लागत वाली कृषि यंत्र बैंक की स्थापना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्रो ने कोईलवर पखंड के शक्ति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बिहियॉ के मिलन जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, पीरो के नारो जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, संदेश प्रखंड के आदर्श जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत चार लाभुकों को क्रय किये गये वाहनों की चाबी सौंपी तथा कुल 60 लाभुकों के बीच वाहनों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने सरकार के विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित 25 स्टॉल का भ्रमण कर अवलोकन किया। उन्होने वर्मी कम्पोस्ट पीट तथा फसल अवशेष को अपघटित करनेवाले जैविक बैक्टीरिया पीट का अवलोकन किया। तत्पश्चात कृषि विभाग के भूमि संरक्षण द्वारा कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से 6 निर्मित तालाबों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर अति पिछड़ा एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री –सह– जिला प्रभारी मंत्री श्री बिनोद कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, प्रधान सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त

–सह– सचिव परिवहन विभाग श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चन्द्रशेखर सिंह, निदेशक कृषि विभाग श्री आदेश तितरमारे, जिलाधिकारी, भोजपुर श्री रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक, भोजपुर श्री सुधीर कुमार पोरिका सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******